क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		18.03.2021		
433.	तारांकित प्रश्न संख्या 938 के सन्दर्भ में श्री शमशेर सिंह गोगी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि असंध बहुत बड़ी म्यूनिसिपल कमेटी है और वहां पर बहुत सारे जानवर मर जाते हैं और उनको डिस्पोज्ड ऑफ करने की कोई व्यवस्था नहीं है वे ऐसे ही सड़कों पर पड़े सड़ते रहते हैं। क्या असंध म्युनिसिपल कमेटी को बिल्कुल ही लावारिस छोड़ दिया गया है। वहां पर कोई हड्डा रोडी नहीं है। लावारिस पशु भी हैं और वहां पर गौशाला भी है इसलिए वहां हड्डा रोडी की जरूरत है। इसके अलावा मृत जानवरों के सड़ने से प्रदूषण भी फैलता है। कई बार एक्सीडेंट्स में भी जानवर मर जाते हैं तो उनको कोई नहीं उठाता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते	अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य नगरपालिका असंध के साथ बात करके कुछ प्रयास करें तो हम उस पर अवश्य विचार कर लेंगे। *****अध्यक्ष महोदय, वैसे तो हड्डा रोडी का काम हम सारे प्रदेश में ही बंद करने जा रहे हैं क्योंकि इससे मरे हुए जानवरों को उठा कर जो लोग ले जाते हैं उनमें से वे अपनी जरूरत का हिस्सा निकाल लेते हैं और बाकी जानवर को ऐसे ही फेंक देते हैं। जो हिस्सा बच जाता है उसको कुत्ते तथा दूसरे जानवर खाते रहते हैं जिससे प्रदूषण फैलता है। सुझाव यह आ रहा है कि हड्डा रोडी न बना कर कोई न कोई जगह निर्धारित करके इनको भी दफनाया जाये। हम पूरे हरियाणा में ही यह व्यवस्था करने जा रहे हैं। पशुओं को दफनाने से पहले उनको चूना और पाउडर लगा कर दफनाया जायेगा ताकि बीमारियां न फैलें।		

	हुए मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वहां पर हड्डा रोडी की व्यवस्था की जाये या कोई और व्यवस्था की जाये। *****अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि हड्डा रोडी की व्यवस्था बंद करने से पहले उसकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था अवश्य की जाये ताकि मरे हुए जानवर जो सड़कों पर ऐसे ही पड़े रहते हैं उनसे कोई बीमारी न फैले और प्रदूषण भी न फैले।	*****अध्यक्ष महोदय, हमें जगह की दिक्कत है। म्युनिसिपल कमेटी के पास जगह उपलब्ध नहीं है। मरे हुए पशु सड़कों पर ऐसे ही नहीं पड़े रहेंगे हम उनके लिए व्यवस्था करेंगे और जगह नहीं है तो जगह की भी व्यवस्था करेंगे।		
		18.03.2021		
434.	श्री नरेन्द्र गुप्ता, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1077 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः— (क) सरकार द्वारा खेडी पुल, फरीदाबाद से मिर्जापुर एस.टी.पी. तक सिवरेज लाईन बिछाने का कार्य किस टेकेदार को आबंटित किया गया है तथा उपरोक्त कार्य के कब तक पूरा किये जाने की संभावना हैं;***** *****मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से इतना ही अनुरोध करना चाहूंगा कि	श्रीमान जी, (क) खेड़ी पुल से मिर्जापुर एस.टी.पी. तक सीवर लाईन डालने का कार्य मै० गिरधारी लाल अग्रवाल कॉनट्रैक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया है एवं वन विभाग उत्तर प्रदेश से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) मिलने के बाद व फंड की उपलब्धता होने पर यह कार्य एक वर्ष के भीतर पूर्ण हो जाएगा।***** *****अध्यक्ष महोदय, यह काम 12.09.2018 को अलॉट हो गया था तथा एक साल		